त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018

हिन्दी साहित्य

कक्षा : VI

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें :- **[4x5=20]**

(क) करीम कौन था ? सुनील उसे क्यों भूल नहीं सकता था ?

(ख) करीम के पिता की मृत्यु कैसे हुईं ? उसके बाद मकान मालिक ने उसके साथ क्या किया ?

(ग) राजा ने यमदूत से किन तीन लोगों की राय पूछने को कहा ? यमदूत सबसे पहले किसके पास गया, उन्होंने राजा के बारे में क्या कहा ?

(घ) पंडित जी का क्या नाम था ? उन्होंने राजा की प्रशंसा करते हुए क्या कहा ?

(ङ) राष्ट्रगान के अवसर पर कौन-कौन से कार्य अनुचित हैं ?

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ : **[2x6=12]**

तिरस्कार, अनुशासन, बड़ाई, कालकोठरी, भयभीत, गर्व ।

3. किसने, किससे, कब और क्यों कहा ? **[2x6=12]**

(क) "तुम मेरे साथ रहना और पढ़ना।"

(ख) "अच्छा ! तो तुम मुझे रिश्वत देना चाहते हो।"

4. कवि और कविता का नाम लिखकर निम्नलिखित अधूरी पंक्तियाँ पूरी करें तथा अर्थ भी लिखें :- **[1+1+4+4=10]**

बह गई......................... ,
.... ।
.... ,
........................मोती बनी ।।

5. पठित कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दें :- **[2x4=8]**

(क) बूँद कहाँ से निकल कर आगे बढ़ी ?

(ख) हवा बहने से बूँद किस ओर पहुँच गई ?

(ग) घर छोड़ते समय लोग क्या करते हैं ?

(घ) इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

Downloaded From www.icseboard.org

6. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्त्ति पाठ के आधार पर करें :- (वाक्य उतारें) **[1x6=6]**

(क) अब तुम्हारी _______ कोई नहीं सुन सकता। तुम्हारा _______ बेकार है।

(ख) तुम_______रोक कर पड़े रहो। मैं तुम्हारे ऊपर एक_______डाल देता हूँ।

(ग) संदीप का व्यवहार_______है जबकि संजय का_______।

(घ) अपने से बड़ों के_______समाप्त कर लेने पर भी_______रहना उचित नहीं है।

(ङ) करीम ने ही उसकी_______को उसके घायल होने की_______दी थी।

(च) करीम ने_______किया कि माँ सिर्फ माँ होती है। वह उनसे_______रो पड़ा।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के एक या दो शब्दों में उत्तर दें :- **[1x6=6]**

(क) 'करीम' कहानी के लेखक का नाम बताएँ ?

(ख) करीम किसका पुत्र था ?

(ग) 'शिष्टाचार' में सबसे पहले क्या आती है ?

(घ) किसी सभा में क्या करना अनुचित है ?

(ङ) पठित हास्य नाटिका में मंत्री का नाम क्या था ?

(च) यमदूत ने किसका रूप धारण किया था ?

8. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करें :- **[6]**

आनमानी, शरसवती, परजापाल, स्वाभीमान,

जलद़वाजी, उपसथिती, दिनता, मानुषय,

परसशा, परमातमा, परेसान, अवस्य ।

Downloaded From www.icseboard.org